पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गणेशोत्सव पर बधाई दी

लखनऊः 28 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियो को गणेशोत्सव के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

श्री नाईक ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि प्रथम पूजनीय, विद्या के देवता और विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश जी की आराधना से श्रद्धालुओं में जहां मंगल भावना का संचार होता है तो वहीं उसे सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कामना की है कि गणेशोत्सव सबके लिये मंगलकारी हो और लोगों में परस्पर सौहार्द और सद्भाव बना रहे।

अंजुम/रा0/राजभवन-